**खबर संक्षेप**

## 245 वाहन चालकों से वसूले शुल्क

**शहडोल।** जिला पुलिस द्वारा 05 अप्रैल को बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालाने वाले, बिना सीटबेल्ट लगाये चार पहिया वाहन चलाने वाले चालकों एवं अन्य के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत 245 चालानों में 1,04,100 रूपये समंस शुल्क वसूल किया गया कार्यवाही जारी है। पुलिस द्वारा संबंधितों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए नियमों का पालन करने हेतु कड़ाईपूर्वक निर्देशित किया गया।

## 2 किलो गांजा सहित युवक धराया

**शहडोल।** अमलाई थाना क्षेत्रांतर्गत 05 अप्रैल की रात्रि में मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि विनोद कुमार राना नाम का व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर रेल्वे स्टेशन अमलाई से अमराडण्डी तरफ जा रहा सूचना पर अमलाई पुलिस द्वारा पुराना अमराडण्डी मस्जिद तिराहा के पास एक व्यक्ति हाथ में झोला लेकर आते दिखा जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे पकड़कर नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम विनोद कुमार राना पिता हेमंत राना उम्र 30 वर्ष निवासी सिलेट पड़ा थाना घंटा पाड़ा जिला बौध उड़ीसा का होना बताया। तलाशी में विनोद राना के पास से मादक पदार्थ गांजा 02 किलो 500 ग्राम कीमती 25,000 बरामद हुआ। पुलिस टीम के द्वारा गांजा को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी अमलाई के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक करतार सिंह, प्रधान आरक्षक राकेश सिंह, शिवहरे सिंह एवं आरक्षक कृष्ण कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## किराना दुकानों के खाद्य पदार्थों की हुई जांच

**शहडोल।** कलेक्टर तरुण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में खाद्य पदार्थों को मिलावट से मुक्त करने जैतपुर एवं जयसिंहनगर तहसीलों के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा विभिन्न किराना दुकानों के खाद्य पदार्थों का विशेष परीक्षण किया गया। परीक्षण के दौरान किराना दुकानों में विक्रय हेतु माजा फूरटी ड्रिंक,सरसो का तेल, बटर मिल्क, बिस्किट, मसाले, अमूल मिल्क, फ्रेस क्रीम सहित अन्य खाद्य पदार्थों का सैंपल लेकर खाद्य विभाग द्वारा गुणवत्ता की जांच की गई, साथ ही किराना दुकान के लायसेंस एवं लायसेंस अवधि की भी जांच की गई। परीक्षण के दौरान खाद्य विभाग के अधिकारियों ने दुकान संचालक को निर्देश दिए की किसी भी प्रकार का प्लास्टिक की कोई भी वस्तु पॉलीथीन, थैला, डिस्पोजल, ग्लास आदि का उपयोग न करें।

## 95 वारंटों की तामीली

**शहडोल।** आगामी लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिकोण से पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक के निर्देशन में सिटी पुलिस द्वारा समस्त थाना क्षेत्रांतर्गत समंस, वारंट की तामीली की कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में सभी थानों के अंतर्गत विशेष प्रयास करते हुए अधिकाधिक वारंटों की तामीली की जा रही है। 05 अप्रैल को विशेष अभियान के तहत लंबित 29 स्थायी वारंट एवं 66 गिरफ्तारी वारंट तामील कराये गए।

## कई वर्षों से फरार स्थायी वारंटी पकड़ाये

**शहडोल।** वारंट तामीली हेतु चलाये गए विशेष अभियान में 05 अप्रैल को सभी थानों द्वारा पुराने स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस ने एक ही दिन में 12 स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार करने का सराहनीय कार्य किया है। कुछ प्रमुख स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी के संबंध में विवरण निम्नानुसार है। थाना कोतवाली में 06 वर्ष से फरार स्थायी वारंटी हीरा लाल वरकडे को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया। माननीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में विचाराधीन प्रकरण के 14 वर्ष से फरार वारंटी विजय कुमार गुप्ता को गिरफ्तार कर कोतवाली पुलिस द्वारा माननीय न्यायालय पेश किया गया। माननीय न्यायालय जेएमएफसी शहडोलमें 10 वर्ष से फरार स्थायी वारंटी सुनील चौधरी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया।

### अवैध प्लाटिंग की बिसात पर वजीर, प्यादे की एक ही चाल

# भू माफियाओं की पहरेदारी करने पर जुटी नौकरशाही, जमीनों के हो रहे टुकड़े

**प्रदेश भर में माफियाओं की कमर तोड़ने सरकारों ने चाहे जितने संकल्प जताए हों लेकिन सच यह है कि शहडोल जिले के भू माफियाओं पर कभी कोई आंच नहीं आई। कारण यह कि मोटी गड्डियों के आदी प्रशासन के आला अफसरान हमेशा से इनके हिमायती बने रहे। कार्रवाइयों का कोई अमल इन पर नहीं हुआ, बल्कि अफसरों ने हमेशा ही भू माफि याओं की पहरेदारी की। कलेक्टर आते-जाते रहे लेकिन हालात नहीं बदले।**

शहडोल। मुख्यालय के समीप ग्रामीण अंचलों की कृषि प्रयोजन की भूमियां टुकड़े टुकड़े कट रहीं हैं और अवैध प्लाटिंग की भेंट चढ़ रहीं हैं। समीपी कोटमा, कल्याणपुर, गोरतरा, चांपा, पोंगरी, जमुई आदि पंचायतों में जमीनों का हाल बे हाल है। कलेक्टर कोई भी रहा हो लेकिन इस मामले में सबकी कार्यशैली लगभग एक जैसी ही रही है। पटवारी से लेकर कलेक्टर तक, गांव के दलाल से लेकर उपपंजीयक तक, सब एक धागे में गुंथे नजर आते हैं। यही नहीं, अगर नेशनल हाइवे के किनारे स्थित जमीनों की गहन छान बीन की जाए तो कितने ही फर्जी मुआवजों के मामले सामने आ जाएंगे जिनमें लाखों रुपए का वारान्यारा हुआ। वर्तमान कलेक्टर से कुछ उम्मीदें थीं, लेकिन आशाओं में पानी तब फिर जाता है जब ज्ञात होता है कि आका हुजूर खुद भी ग्वालियर के एक भूमि घोटाले के आरोपी हैं। उन दिनो आका ग्वालियर के सीईओ हुआ करते थे।

### राजमार्ग पर भूमि के 155 टुकड़े

जिला मुख्यालय से कुछ किमी दूर गोहपारू के समीप रीवा अमरकंटक राजमार्ग पर स्थित एक कृषि भूमि के 155 टुकड़े हो गए। इस मार्ग से अफसरों का आना-जाना होता है। लेकिन इस पर न तो राजस्व अमले को कोई एतराज हुआ न उप रजिस्टार कार्यालय ने कोई आपत्ति की। किसी ने भी यह जानने की कोशिश नहीं की कि कृषि प्रयोजन भूमि के इतने टुकड़े किस आधार पर हो गए। क्या इस भूमि का कहीं कोई डायवर्सन हुआ या एनओसी ली गई। ग्रामपंचायत ने कोई हस्तक्षेप किया ?, जो रजिस्ट्री कराई जा रही है क्या वह खेती के उपयोग के लिए की जा रही है? उपपंजीयक कार्यालय भ्रष्टाचार में इतना अंधा हो चुका है कि वह कोई भी जरूरी प्रक्रिया व जरूरी दस्तावेज देखना ही नहीं चाह रहा है। यही हाल तहसीलदार व एसडीएम का भी है। तहसीलदार, एसडीएम सरेआम सारा खेल सड़क किनारे देख रहे हैं फिर भी वे टाउन एण्ड कंट्री प्लान को दोषी ठहरा रहे हैं।

### कोटमा में पिटा था पटवारी

शहडोल मुख्यालय से सटी कोटमा ग्रामपंचायत में इस तरह भूमि विक्री और अवैध प्लाटिंग का मामला इतना तूल पकड़ गया था कि एक ग्रामीण की मौत हो गई थी। इससे ग्रामीण आक्रोशित हो उठे और उन्होने तत्कालीन पटवारी की अफसरों के सामने ही जमकर पिटाई कर दी थी। अफसर असहाय बने रहे और केवल बीच बचाव करने का प्रयास करते रहे। इस मामले में पटवारी ने एक खुलासा अवश्य ऐसा किया था कि बड़े अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध बन गई थी। उसने सबके सामने खुलेतौर पर यह बता दिया था कि अवैध प्लाटिंग जब शुरू हुई तभी उसने तहसीलदार और एसडीएम को इस बारे में सूचित कर उनका ध्यान आकृष्ट कराया था। लेकिन अधिकारियों ने कोई नोटिस नहीं ली।

### पोंगरी में भी हुई प्लाटिंग

मेडिकल कॉलेज बनने के बाद भले ही स्थानीय लोगों को लाभ नाम-मात्र का मिला हो, लेकिन भू-माफियाओं ने जमकर चांदी काटी है, चांपा से लेकर पोंगरी तक में भू-माफिया ने कृषि भूमि के खण्ड-खण्ड कर दिये, पटवारियों ने मामला प्रमाणित कर कलेक्टर कार्यालय में प्रतिवेदन जमा कर दिया, इसके अलावा जिला मुख्यालय में कई शासकीय भू-खण्ड भी खुर्द-बुर्द हो गये, इस पूरे खेल में राजस्व विभाग में बैठे जिम्मेदारों ने खुलकर लाभ लिया है। शिकायतों के बाद सुनवाई के लाले पड़ रहे हैं। अगर जिला प्रशासन इस मामले में सख्त होता तो माफियाओं की इतनी हिम्मत कभी न पड़ती।



### एक जमीन कई बार बिक रही

गोरतरा का हाल यह है कि यहां भी जमीनों को हथियाने और उस पर प्लाटिंग करने का जमकर खेल चल रहा है। यहां तो एक जमीन को कई बार बेचे जाने का मामला भी प्रकाश में आ चुका है। कब्जे की जमीनों पर नया कब्जा दर्शाया जा रहा है। पटवारी रिकार्डों में हेर फेर कर कहीं की जमीन कहीं दर्शा रहे हैं। तालाब के घाट, श्मशान भूमि और आम रास्ते गायब होते जा रहे हैं। हर जगह माफिया अपनी जेसीबी मशीन लिए खड़ा नजर आता है और गांव वालों को गालियां देकर उन्हे डरा धमका रहा है। पटवारी मोटी रकम डकार कर शहडोल स्थित अपने महलनुमा बंगले में आराम कर रहा है। यही स्थिति आज पूरे जिले में है।

## स्कूल-आंगनबाड़ी केंद्रों में हो रही पानी की समस्या पीएचई विभाग का नल-जल योजना बनी शोपीस



**घुनघुटी।** उमरिया जिले में संचालित प्राथमिक व माध्यमिक स्कूलों के अलावा आंगनबाड़ी केंद्रो को शुद्ध पेयजल सुविधा मुहैया कराने की योजना उमरिया जिले के जनपद पंचायत बिरसिंहपुर पाली के घुनघुटी क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्र व स्कूलों में लगे नल दम तोड़ते नजर आ रही है, लोक स्वास्थ्य यांत्रिक विभाग की उदासीनता व लापरवाही के कारण लक्ष्य के अनुसार आज भी विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्रो में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं बन पाई है, जिससे नौनिहालों को दूषित पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है, जल जीवन मिशन के तहत घुनघुटी, बकेली, चौरी, मालाचुआ, हथपुरा जैसे विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल सुविधा उपलब्ध कराई जानी थी। जिससे विभाग अब तक 194 विद्यालय वा 182 आंगनबाड़ी केंद्रों में ही पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था बना पाई है, इतना ही नहीं जिन विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्र में पीएचई विभाग ने बोर में मोटर पंप डाला है वह भी कई जगहों से खराब हो चुके हैं। बिरसिंहपुर के घुनघुटी क्षेत्र से लगे हुए माध्यमिक प्राथमिक व आंगनबाड़ी केंद्रो में जल जीवन मिशन योजना के तहत पानी की टंकी व हैंडपंप में नल कनेक्शन के साथ ही बोर में मोटर डालकर पानी पहुंचाने का काम करना था शुरुआती में ही सप्ताह भर पानी चला और उसके बाद नल से हवा उगलने लगा नल, अब यहां स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रो में पानी की त्राहि-त्राहि मची हुई, वहीं इस बात को लेकर पाली परियोजना विभाग से बात किया गया तो उन्होंने कहा की सप्ताह भर नल आंगनबाड़ी केंद्र पर लगा हुआ चला उसके बाद यह एक दिखावे के रूप में लगा रह गया, पीएचई विभाग की लापरवाही से नहीं कराया कनेक्शन बाद में कहा पंप खराब हो गया। योजना में अधिकांश आंगनबाड़ी केंद्र में पीएचई विभाग के जिम्मेदार वा ठेकेदार के गांठजोड़ से घटिया काम कराया गया है, जिसके कारण कई संस्थानों में मशीन लगाने के कुछ ही दिन बाद पानी की सप्लाई बंद हो गई, अब संस्थाओं को दूर से पानी लाने को मजबूर होना पड़ रहा है, वहीं कुछ संस्थानों पर बोर में मोटर डालने के बाद अभी तक विद्युत कनेक्शन नहीं कराया गया, जिससे पेयजल आपूर्ति नहीं हो पा रही है, अधिकारियों ने बिजली कनेक्शन ही नहीं कराया कुछ माह बीता तो कह दिया की मोटर खराब है जबकि पूर्व से ही खराब मोटर डाली गई थी पाली ब्लॉक के घुनघुटी क्षेत्र के विभाग ने अभी तक 50 प्रतिशत से कम संस्थानों में पेयजल की व्यवस्था बना पाई है, स्कूल व आंगनबाड़ी में स्थिति यह है कि आधे से ज्यादा स्कूलों में पेयजल की व्यवस्था ही नहीं है, आसपास लगे हैंडपंप या फिर बस्तियों व होटल से पेयजल आपूर्ति कर रही है।

## बाघ के हमले से चरवाहा घायल



**उमरिया।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के धमोखर बफर परिक्षेत्र में बाघ के हमले से चरवाहा घायल हो गया, खबर लगते ही बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व की टीम ने घायल चरवाहा को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों की टीम चरवाहा के इलाज में जुटी है, शनिवार की दोपहर 1 बजे धमाखेर बफर परिक्षेत्र के खड़ेहा रपटा हार में चरवाहा सुद्धु सिंहपिता सुखलाल सिंह उम्र 62 वर्ष अपने मवेशी चरा रहा था। तभी जंगल में अचानक बाघ ने चरवाहा पर हमला कर दिया। चरवाहा सुद्धु के हाथ और पैर में चोट आई है। जानकारी लगते ही टाइगर रिजर्व की टीम मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। धमोखर बफर परिक्षेत्र अधिकारी विजय श्रीवास्तव ने बताया कि बाघ के हमले से चरवाहा घायल हुआ है। क्षेत्र में बाघ की लोकेशन है, हाथी से गश्त कराई जाएगी। चरवाहा का इलाज बेहतर हो, डॉक्टरो की टीम से संपर्क में है।

## चाची के हत्या का आरोपी गिरफ्तार




**उमरिया।** फरियादिया श्रीमति रन्नू कोल पति राम प्रसाद कोल निवासी ग्राम पठारी थाना नौरोजाबाद की रिपोर्ट दर्ज कराई की 04 अप्रैल की रात करीब 09 बजे जेठ लल्लूलाल कोल हमारे पूरे परिवार को गंदी-गंदी गालिया दे रहे थे तब मेरी सास कलवतिया कोल घर से बाहर आकर जेठ को गाली गुप्तार करने से मना की तो जेठ लल्लूलाल कोल द्वारा टंगिया से मेरे सास के गर्दन मे मार कर उसकी हत्या कर फरार हो गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध थाना नौरोजाबाद में धारा 302 ताहि का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया ।

मामला अत्यंत गंभीर प्रकृति का होने से पुलिस अधीक्षक श्रीमति निवेदिता नायडू तत्काल मौके पर पहुचकर घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया एवं स्वयं मृतक के परिजनो से पूछताछ की एवं विवेचना अधिकारी को भौतिक साक्ष्य एकत्र करने व आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने हेतु निर्देश दिये गये निर्देश के पालन मे थाना प्रभारी नोरौजाबाद द्वारा घटना स्थल से भौतिक साक्ष्य एकत्र किये गये एवं विशेष टीम गठित कर आरोपी की तलाश लगातार की गई । पुलिस के अथक प्रयासो के परिणामस्वरूप आरोपी को 05 अप्रैल को पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई जो कि छिप रहा था एवं अन्यत्र स्थान पर भागने की फिराक में था, आरोपी आये दिन पारिवारिक विवाद के कारण गाली गलौच करता था घटना दिनांक के दिन भी आरोपी द्वारा मृतिका एवं उसके परिवार को गाली-गलौच कर रहा था जिस पर मृतिका के विरोध करने पर उसकी टांगिया मार कर हत्या कर दी। आरोपी के कब्जे से घटना के समय पहने हुए रक्त रंजित कपडे एवं घटना मे प्रयुक्त टंगिया को जप्त किया गया है, मामले से संबंधित अन्य विधि संगत साक्ष्य एकत्र कर विवेचना की जा रही है ।कार्यवाही में थाना प्रभारी नौरोजाबाद निरीक्षक अरूणा द्विवेदी, उप निरीक्षक शिवनाथ प्रजापति, आरक्षक देवेन्द्र चौधरी, देवेन्द्र सिंह. अतुल मिश्रा प्रधान आरक्षक चालक अजंनी मिश्रा का योगदान रहा।

### बिना बताए लगा दी कॉपर-टी, निकालने पर लिये रूपये

## सिविल सर्जन ने नोटिस थमाकर दिये जांच के आदेश



**उमरिया।** जिला चिकित्सालय में महिला चिकित्सक की लापरवाही का बड़ा मामला सामने आया है, डॉ. रश्मि धनंजय पर आरोप लगे हैं कि उसने बिना जानकारी और सहमति के अस्पताल इलाज के लिए आई महिला को पहले तो कॉपर-टी लगा दी और जब महिला जानकारी के बाद कॉपर-टी निकलवाने पहुंची तो, उससे रूपये मांगे गये, वॉर्ड ब्वॉय के मार्फत दबाव बनाकर महिला चिकित्सक ने रूपये ले भी लिए। पूरे मामले की शिकायत कलेक्टर के पास की गई, इसके बाद मामले ने तूल पकड़ा और कलेक्टर के निर्देश पर सिविल सर्जन ने डॉ. रश्मि धनंजय स्त्री एवं प्रसूती रोग विशेषज्ञ को 6 अप्रैल को विभागीय कारण बताओं नोटिस जारी करते हुए 12 घंटे के अंदर जवाब मांगा है। जिला चिकित्सालय में पदस्थ डॉ. रश्मि धनंजय पर मनमानी और इलाज के नाम पर रूपये मांगने का यह पहला मामला नहीं है। पीड़िता के परिजन आयुष पाण्डेय निवासी उमरिया ने दी गई शिकायत में यह भी आरोप लगाये हैं कि इससे पहले भी डॉ. रश्मि धनंजय अन्य कई मरीजों से इलाज के नाम पर रिश्वत की मांग कर चुकी हैं। पीड़ति ने बताया कि वह अपनी बहन का इलाज कराने गया था, लेकिन पहले बिना बताये कॉपर-टी डाल दी, निकलवाने पहुंचे तो, वार्ड ब्वॉय के माध्यम से प्रेशर बनाकर रूपये ले लिये। मामले की शिकायत उमरिया कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन से की गई थी और इस मामले में पीड़तिजन बड़ी कार्यवाही की मांग कर रहे हैं, उन्होंने कहा कि यदि जिला स्तर पर कार्यवाही नहीं होती है तो, मामले को राजधानी तक लेकर जायेंगे।

जिला चिकित्सालय उमरिया के सिविल सर्जन डॉ. के.सी. सोनी 6 अप्रैल को विभागीय पत्र क्रमांक 1184 जारी करते हुए डॉ. रश्मि धनंजय को उक्त कृत्य करने के लिए अपने कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही, कर्तव्य विमुखता एवं अनुशासनहीनता बताया है। पत्र में यह भी लिखा कि यह कृत्य म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के उप नियम (1)(2)(3) के विपरीत है, कारण बताओं सूचना के पत्र का जवाब 12 घंटे के अंदर प्रस्तुत किया जाये, जवाब संतोष जनक या प्रस्तुत न होने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु वरिष्ठ कार्यालय को प्रेषित किया जायेगा।

## आवेदक के खाते से निकाले 50 हजार रुपये पुलिस ने खाते में वापस कराये रुपये

**उमरिया।** आवेदक विक्रम साहू उम्र 30 साल निवासी उमरिया द्वारा सायबर सेल में एक इस आशय का लिखित शिकायत पत्र प्रस्तुत किया गया कि उसके द्वारा टीव्हीएस एजेंसी के माध्यम से 55 हजार रूपये का लोन लिया गया था, जिसकी राशि उसके खाते में 05 अप्रैल को आई थी। खाते में पैसे आने के कुछ समय बाद ही आवेदक के पास कॉल आया कि आपके पास लोन के पैसे आये है या नहीं इसको सत्यापित करने है और सत्यापन के बहाने आवेदन के उसकी बैंकिग जानकारी और ओपीटी लेकर आवेदक के साथ 50 हजार रूपये की धोखाधड़ी कर ली गई। उक्त शिकायत की जानकारी मिलने पर तत्काल कार्यवाही शुरू कर सायबर सेल उमरिया द्वारा पुलिस अधीक्षक श्रीमति निवेदिता नायडू को मामले से अवगत कराकर अग्रिम कार्यवाही की अनुमति प्राप्त की। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सायबर सेल उमरिया आवेदक के बैंक स्टेटमेंट की जांच की और पाया कि आवेदक के साथ हुई धोखाधड़ी में आवेदक के पैसो का उपयोग ऑनलाइन शॉपिग में किया गया है जिस पर सायबर सेल द्वारा उचित कार्यवाही कर उक्त लेन-देन का निरस्त कराकर आवेदक के खाते में पैसे वापिस कराये जाने की प्रक्रिया को पूर्ण कराया गया। उमरिया पुलिस आमजन से अपील करती है कि वर्तमान में प्रचलित सभी तरह के फ्रॉड से बचने के लिये जागरूक रहे जागरूकता ही सर्वश्रेष्ठ बचाव है, अपनी व्यक्तिगत बैंकिंग जानकारी / ओपीटी किसी के साथ भी शेयर न करें इसके बाबजूद किसी भी तरह की धोखाधड़ी हो जाने पर तुंरत नेशनल सायबर क्राइम हेल्पलाईन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराये।

## अवैध खनिज का परिवहन करते तीन हाइवा जप्त



**शहडोल।** रीवा से टेटका तक सड़क निर्माण कर रही गाबर कम्पनी के दो हाइवा 06 अप्रैल को मुरुम के अवैध परिवहन करते खनिज विभाग द्वारा पकड़ कर ब्योहारी थाने में खड़ा करा कर आगे की कार्यवाही की जा रही है। खनीज विभाग इंस्पेक्टर समय लाल गुप्ता द्वारा बताया गया कि मैं शहडोल तरफ से आ रहा था । टिहकी के पास दो हाइवा को मुरुम का परिवहन करते देखे जाने पर हाइवा को रुकवा कर परिवहन किये जाने संबधित दस्तावेज की मांग की गयी, चालक द्वारा कोई दस्तावेज नहीं होना बताया गया एवं वाहन सड़क निर्माण कर रही गाबर कम्पनी का होना बताया गया, जिस कारण उसे पकड़ कर ब्योहारी थाने की अभिरक्षा में लाकर खड़ा करा दिया गया है। हाइवा में वाहन का नंबर नहीं लिखा हुआ है चेचिस नंबर से नंबर निकाल कर आगे की कार्यवाही की जायेगी। मिली जानकारी के अनुसार गाबर कम्पनी के द्वारा सड़क निर्माण कर पटरी भराई का कार्य करने के लिये टिहकी से अवैध रूप से मुरुम निकाल कर पटाई कार्य किया जा रहा है। कम्पनी द्वारा मुरुम का उत्खनन करने के लिये कोई लीज स्वीकृति नहीं कराया गया है, बल्कि भूपेंद्र तिवारी पूर्व उप सरपंच टिहकी से सांठ-गांठ कर वंही से मुरुम निकाल कर सड़क किनारे पटरी की भराई कर करोड़ो रूपये के राजस्व की चोरी की जा कर शासन को चूना लगाया जा रहा है। खनीज इंस्पेक्टर समय लाल गुप्ता द्वारा हमारे प्रतिनिधि को जानकारी देते हुए बताया गया कि मुरुम को अपने कार्य में उपयोग न कर उसे कामर्सियल कार्य के लिये उपयोग किया जा रहा है जिसकी जांच करा कर कार्यवाही की जायेगी। अमिलिहा खदान से 06 अप्रैल को रेत लोड कर हाइवा क्रमांक यूपी 78 टीसी 6560 आ रहा था जिसे खड़ा कर खनीज इंस्पेक्टर श्री गुप्ता द्वारा पूछतांछ की गयी, जिसमे रेत अमिलिहा खदान से लोड करना एवं टी. पी. कटनी जिला का होना पाया गया, जिस कारण वाहन को थाना ब्योहारी में लाकर खड़ा करा दिया गया है और आगे की कार्यवाही की जा रही है।

## अवैध शराब जप्त

**शहडोल।** जैतपुर थाना क्षेत्रांतर्गत 05 अप्रैल को अवैध शराब बिक्री करने कि मुखबिर सूचना पर पुलिस ने कोलमी में दबिश देकर आरोपिया विशाल पाव पिता मनबोध पाव उम्र 48 वर्ष निवासी कोलमी छोट के कब्जे से 07 लीटर कच्ची महुआ शराब, थाना बुढ़ार क्षेत्रांतर्गत सूचना पर पुलिस ने ग्राम छांटा टोला में दबिश देकर आरोपी लक्ष्मण सिंह उर्फ भोला पिता रामस्वरूप सिंह उम्र 50 वर्ष निवासी छांटा नवा टोला के कब्जे से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब, थाना धनपुरी क्षेत्रांतर्गत सूचना पर पुलिस ने धनपुरी में दबिश देकर आरोपी दिलीप कोल पिता राजू कोल उम्र 33 वर्ष निवासी वार्ड नं. 15 धनपुरी के कब्जे से 06 लीटर कच्ची महुआ शराब तथा थाना जयसिंहनगर क्षेत्रांतर्गत पुलिस ने ग्राम दतारी में दबिश देकर आरोपी रामकुशल कोल पिता सोनेलाल कोल उम्र 20 वर्ष निवासी दतारी के कब्जे से 08 लीटर कच्ची महुआ शराब मौके पर जप्त की गई। पुलिस द्वारा सभी आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

## छात्रों ने बुजुर्गों को होने वाली समस्याओं पर किया मंथन

**शहडोल।** पंडित एस. एन. शुक्ल विश्व विद्यालय के मास्टर ऑफ सोशल वर्क (एनएसडब्लूय) के छात्रों ने 06 अप्रैल को प्रो. नीलिमा खरे के निर्देशन में वार्ड नं. -7/10 के वृद्ध जन के साथ बैठकर छोटे शहरों में वृद्धों को होने वाली समस्याओं पर विचार मंथन किया, जहां कई बातें दैनिक जीवन को प्रभावित करती हैं। अच्छे स्वास्थ्य सेवाओं की कमी छोटे शहरों में वृद्धों को उचित स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिल पाती हैं। यहां अस्पतालों, चिकित्सकों और आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं की कमी का सामना करना पड़ता है। वृद्धों को सामाजिक और मानसिक समस्याओं का सामना भी करना पड़ता है। इसमें उनकी उपेक्षा, अकेलापन और मनोविकार शामिल हो सकते हैं। आर्थिक समस्याओं की बात रखी गई । जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए उपयुक्त माध्यम नहीं मिल पाते हैं। उनके लिए समाजिक और मनोरंजक कार्यक्रमों की कमी। वृद्धों की सुरक्षा की समस्याएं का सामना करना पड़ता है, उनकी बेहतर सुरक्षा के लिए उपयुक्त व्यवस्थाएं नहीं हो पाती या वह किसी को बता नही पाते। इन समस्याओं का समाधान करने के लिए सरकार और सामाजिक संगठनों को मिलकर काम करना चाहिए। उन्हें उचित स्वास्थ्य सेवाएं, सामाजिक सुरक्षा, व्यायाम, मनोरंजन और शिक्षा की सुविधाएं प्रदान करनी चाहिए ताकि वृद्धों को उचित जीवनस्तर और समाज में सम्मान प्राप्त हो सके।



## खबर संक्षेप



### बंदियों के मानसिक सुधार के लिए हार्ट फुलनेस संस्था द्वारा ध्यान कार्यक्रम

**उमरिया।** जेल अधीक्षक डी. के. सारस ने बताया कि बंदियों के मानसिक सुधार के लिये हार्ट फुलनेस संस्था के एमपी-15 जोन के जोनल समन्वयक माई देवेन्द्र प्रजापति के मार्गदर्शन में प्रणाली, विनायक पिसे द्वारा बंदियों को सामुहिक ध्यान कराया गया। इस अभ्यास से बंदियों को मानसिक शांति मिली। बंदियों को नियमित अभ्यास करने की प्रेरणा दी गई। इस अवसर पर बंदियों ने सुन्दर भजन, गीत, संगीतमय प्रस्तुत किये। जेल अधीक्षक डी.के. सारस एवं उप अधीक्षक माखन सिंह मार्को द्वारा बंदियों को जेल में अनुशासन में रहकर जेल में संचालित प्रशिक्षण कार्यकम एवं ध्यान, योगा, पी.टी. करने के लिये प्रेरित किया। जेल में ड्यूटीरत मुख्य प्रहरी एवं प्रहरी ने बंदियों को अनुशासन में रखकर कार्यकम मे सम्मिलित कराया।

### कमिश्नर ने प्रभारी तहसीलदार को किया निलंबित

**शहडोल।** कमिश्नर बीएस जामोद ने कार्यालीन समय पर निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर मुनेश्वर प्रसाद विराट प्रभारी तहसीलदार जैतपुर को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में श्री विराट का मुख्यालय कार्यालय कलेक्टर जिला शहडोल नियत किया जाता है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

### भतीजे ने चाची को उतारा मौत के घाट



**उमरिया।** जिले के नौरोजाबाद थाना क्षेत्र के पठारी गांव में पानी के विवाद को लेकर भतीजे ने अपनी चाची को ही मौत के घाट उतार दिया। घटना के संबंध में बताया गया कि कलवतिया बाई का अपने भतीजे लल्लूलाल कोल से पानी को लेकर विवाद हुआ। जिसके बाद लल्लूलाल ने अपनी चाची के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी, कलवतिया ने इसका विरोध किया तो लल्लू ने आक्रोशित होकर कुल्हाड़ी से कलवतिया के गले में वार कर दिया। घायल अवस्था में परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया, मृतिका के बेटे प्रेमलाल ने बताया है कि आरोपी उसकी मां से आए दिन विवाद करता था और घटना दिनांक के दिन भी पानी को लेकर विवाद हुआ और गाली-गलौज करने से मना करने पर आरोपी ने कुल्हाड़ी से वार कर दिया, जिससे उसकी मां की मौत हो गई। टीआई अरुणा द्विवेदी ने बताया कि मामला कायम कर लिया गया है, आरोपी की तलाश की जा रही है, शीघ्र ही आरोपी को पकड़ लिया जायेगा।

### 9 अप्रैल से शुरू हो रही चैत्र नवरात्रि

**कोतमा।** चैत्र नवरात्रि जल्द ही शुरू होने वाली हैं। हर साल चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिप्रदा तिथि से चैत्र नवरात्र की शुरूआत होती है। ऐसी मान्यता है जो भक्त इस व्रत को पूरी श्रद्धा भाव के साथ करता है, उसे शुभ फल की प्राप्ति होती है। पंडित अमन पाण्डेय ने बताया कि मां दुर्गा के पवित्र नवरात्रि 9 अप्रैल से शुरू हो रही हैं। इस दिन से लोग घर में विशेष घटस्थापना करते हैं और नवरात्रि की शुरूआत करते हैं. इस दिन कलश स्थापना या घटस्थापना का विशेष महत्व होता है। चैत्र नवरात्रि साल 9 अप्रैल से 17 अप्रैल तक चलेंगे. इस दौरान मां दुर्गा के व्रत रखें जाएंगे और उनकी अखंड ज्योत जलाई जाएगी. 16 अप्रैल, मंगलवार के दिन अष्टमी मनाई जाएगी, वहीं 17 अप्रैल को राम नवमी के साथ व्रत का समापन होगा।

### बंद फर्म ने पंचायत से वसूला जीएसटी

# खुलेआम पंचायत के जरिए वाणिज्य कर की चोरी

**उमरिया।** जिले की पंचायतों में भ्रष्टाचार का खुला खेल चल रहा है, ग्राम पंचायतों में बिल्डिंग मटेरियल सप्लाई करने वाली एक फर्म के टैक्स चोरी का बड़ा खेल पकड़े जाने के बाद ग्राम पंचायतों के कार्यों पर बड़ा सवालिया निशान लग गया है। पंचायतों के काम अब कटघरे में हैं। बिना जीएसटी दिए वेंडर टैक्स चोरी करता रहा, वेण्डर द्वारा सचिवों से सांठ-गांठ कर लाखों की टैक्स की चोरी की है, टैक्स चोरी का मामला तो सामने आ गया, लेकिन वेण्डर द्वारा पंचायतों में बोर किया गया है या नहीं अब वह सब भी संदेह के दायरे में है, लेकिन जिले में बैठे जिम्मेदार अपने कर्मचारियों के कार्यो की कसीदें पढने से बाज नहीं आ रहे हैं।

### विभाग को धोखे में रखकर फर्म संचालक ने लिया लाभ

ग्रामपंचायतों में मानो भ्रष्टाचार की बाढ़ सी आ गई है लेकिन चिंता की बात यह है कि इस पर अंकुश लगाने वाले बड़े अफसर भी अपने दायित्व से मुंह फेरे बैठे हैं। वे कार्रवाई करने की बजाय इन्हीं को पोषित करते नजर आते हैं। शायद यही वजह है कि भ्रष्टाचार को अंजाम देने वालों के हौसले बुलंद हैं और वे बेझिझक गैरकानूनी कृत्य करते रहते हैं। इसीलिए बंद पड़ी फर्मों का भी लाखों का भुगतान कर दिया जाता है।

#### सांठ-गांठ से फर्जी भुगतान

जनपद करकेली की पंचायतों के जिम्मेदारों से सांठ-गांठ कर वेण्डर खेम राज मिश्रा द्वारा जीएसटी चोरी कर लाखों का चूना वाणिज्य कर विभाग को लगाया गया है, गौतम बोर वेल द्वारा लगभग एक दर्जन के आस-पास पंचायतों में बोर किये हैं, बोर वेल के संचालक द्वारा पंचायतों में जो बिल लगाये गये हैं, उसमें 246 फिट बोर (75 मीटर) किया गया है, मजे की बात तो यह है कि कथित वेण्डर द्वारा केसिंग भी 75 मीटर डाली गई है, चर्चा है कि जितनी क्रेसिंग वेण्डर द्वारा बिल में दिखाई गई है, उससे 100 फिट कम केसिंग डाली गई है, लेकिन पंचायतों से सांठ-गांठ कर फर्जी भुगतान लिया गया है।

#### पंचायत खजाने मे सेंध

15 मार्च 2018 को फर्म का रजिस्ट्रेशन खेम राज मिश्रा द्वारा गौतम जी बोर वेल के नाम पर करवाया, लेकिन उक्त फर्म का रजिस्ट्रेशन वाणिज्य कर विभाग द्वारा 27 अगस्त 2018 को कैंसल कर दिया गया, बावजूद इसके कथित वेण्डर द्वारा पंचायतों से वाणिज्य कर वसूल किया गया है, एक दर्जन के आस-पास पंचायतों में बंद हो चुकी फर्म के नाम पर बिल लगाकर लाखों वसूल किये गये और पंचायत के खजाने में सेंध लगाई गई है, मजे की बात तो यह है कि बीते वर्षो में आडिट भी हुआ, लेकिन इस ओर किसी ने ध्यान देना तक उचित नहीं समझा।




#### वर्षो से दफन भ्रष्टाचार

ग्राम पंचायतों में दर्जनों की संख्या में बोर कराये गये हैं, लेकिन गर्मी के दिनों में लगभग हैण्डपंप हाफ जाते हैं, सूत्रों की माने तो 75 मीटर बोरिंग के बिल लगाये गये हैं, लेकिन लगभग सभी बोर में उतनी खुदाई हुई ही नहीं है, इसके अलावा आम तौर पर निजी बोरिंग में भी 100 फिट या पत्थर मिल जाने के बाद केसिंग नहीं डाली जाती, लेकिन करकेली जनपद की ग्राम पंचायतों में गौतम जी ने बोर के नाम पर ऐसी सेंध लगाई है कि जनपद सहित जिले में बैठे जिम्मेदारों ने कभी जांच की जहमत तक नहीं उठाई। जानकारों का कहना है कि अगर बोर की जांच की जाये तो, वर्षो से बोर में दफन भ्रष्टाचार का जिन्न बाहर निकल कर आ जायेगा।

#### भ्रष्टाचार को दे रहे प्रश्रय

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाएं पंचायतों में अनदेखी की भेंट चढ़ गईं। पंचायतों ने बंद हो चुकी फर्मों को लाखों रूपये का भुगतान कर दिया है, पंचायत में लगाये गए बिलों का सत्यापन करने वाला कोई नहीं है, एक ओर वाणिज्य कर विभाग को वेण्डर ने चूना लगाया है, वहीं दूसरी ओर नियम विरूद्ध भुगतान पंचायतों ने किये हैं। मजे की बात तो यह है कि वातानुकूलित कमरे में बैठे जिम्मेदार ऑल इज वेल की तर्ज पर भ्रष्टाचार को प्रश्रय दिये हुए है, मामला सामने आने के बाद जांच का खेल-खेला जाता है और मामला ठण्डा होने पर कार्यवाही की फाईल जिला पंचायत के कारपेट के नीचे दबी रहती है और जिम्मेदार अपनी उपलब्धियां गिनाते नजर आते हैं। अगर अच्छे काम की तारीफ अधिकारी को मिलती है तो, उनके नीचे कर्मचारियों द्वारा किये गये भ्रष्टाचार के लिए क्या पड़ोसी जिलों के अधिकारियों की जवाबदेही बनती है।

## नुक्कड नाटक के माध्यम से मतदान के लिये किया जागरूक

**शहडोल।** पंडित एस. एन. शुक्ला विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा बुधवार को शहीद दिवस की श्रृंखला में 'मतदाता जागरूकता अभियान' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत स्वयंसेवकों द्वारा नगर निकाय के गांधी चौक में नुक्कड़ नाटक किया गया। विभिन्न दृश्यों द्वारा स्वयसेवकों ने चुनावी पार्टियों द्वारा प्रलोभन देकर वोट मांगने की प्रवृत्ति ,युवाओं का जिम्मेदारी न समझना, गरीब परिवारों की दयनीय स्तिथि आदि पर प्रेरणास्पद नाटक प्रस्तुत किया गया। इसके माध्यम से निष्पक्ष होकर वोट डालने एवं मतदान में जन भागीदारी सुनिश्चित करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ.ज्योति सिंह के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का समापन हुआ। स्वयंसेवक शैली निगम, अनुराग कुमार मौर्य, सुचिता तिवारी, उत्तरा विश्वकर्मा, हर्ष तिवारी, अभिषेक श्रीवास्तव, प्रीति विश्वकर्मा, अनामिका सिंह धुर्वे, शाहीन खान, राजकुमार जाटव, ममता साहू, रुचि वर्मा, आशीष प्रजापति, मनीष सिंह, अंकुश गुप्ता, सावित्री बैगा, सविता सिंह मांडवी, अनामिका भुंजवा, सेजल पटेल, निलेश प्रजापति आदि स्वयंसेवकों ने सहभागिता निभाई।



## निष्पक्ष निर्वाचन संपन्न कराने में मतदान दलों के प्रभावी प्रशिक्षण का सर्वाधिक महत्व : आयुक्त



**उमरिया।** स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं त्रुटिरहित मतदान के लिए मतदान दलों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी संपूर्ण निर्देशों की जानकारी तथा उनके क्रियान्वयन आयोग के प्रपत्रों को भरने एवं समय समय पर रिपोंटिंग तथा ईव्हीएम मशीन का संचालन के लिए दक्ष होना मतदान दलो के लिए जरूरी है। यह तभी संभव है जब मतदान दलों को प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षक सूक्ष्मता से प्रशिक्षित करें तथा उनकी शंकाओ का समाधान करें। प्रशिक्षण में सैध्दांतिक एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। सभी मतदान दल के सदस्य मतदान संबंधी गतिविधियों की गहन जानकारी प्राप्त करें। यह निर्देश आयुक्त बी. एस. जामोद ने जिला मुख्यालय उमरिया के शासकीय रणविजय प्रताप सिंह महाविद्यालय में लोक सभा निर्वाचन हेतु गठित मतदान दलो के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के निरीक्षण के दौरान मतदान दलों एवं मास्टर ट्रेनर्स को दिए। मास्टर ट्रेनर्स गरिमा शर्मा ने मतदान दल के कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व, मतगणना एजेंटों की मतदान केंद्र पर नियुक्ति, मतदान केंद्र पर एक दिन पूर्व की जाने वाली कार्यवाही, मतदान के पूर्व की तैयारी एवं माकपोल, मतदान की पूर्व तैयारी एवं माकपोल, माकपोल का क्रम, माकपोल के दौरान मशीनों का परिवर्तन, माकपोल के पश्चात मशीनों की सीलिंग, वास्तविक मतदान प्रारंभ, मतदान केन्द्र में प्रवेश हेतु अनुमत्त व्यक्ति, मतदान केंद्र पर मतदाताओं के प्रवेश का विनिमय, मतदान केंद्र और आस पास निर्वाचन विधि का प्रवर्तन, मतदान प्रक्रिया, मतदान कें दौरान की विशेष स्थितियां, बैटरी का विस्थापन,विस्थापन, व्हीव्हीपीएटी पेपर स्लिप पर गलत प्रिंट, मतदान समाप्ति पर कार्यवाही, निर्वाचन अभिलेख तैयार करना एवं पैकिंग,किंग, बुकलेट प्रपत्र, आदि की जानकारी दी गई। इसके अलावा पीठासीन अधिकारियों को डज नाट, डू नाट की जानकारी दी गई । निरीक्षण के समय सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ओहरिया, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिवगोविंद सिंह मरकाम, संयुक्त आयुक्त जी. एस. कनेश, एआरओ बांधवगढ रीता डेहरिया, मानपुर कमलेश नीरज, प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी डॉ. अभय पाण्डेय, मास्टर ट्रेनर सुशील मिश्रा, संजय पाण्डेय, मनोज व्दिवेदी, एस. के. गौतम, राज कुमार महोबिया, प्रभात रंजन, उप संचालक जनसंपर्क जी एस मर्सकोले, विनय शर्मा, निर्वाचन सुपरवाईजर हरिशंकर झारिया उपस्थित रहे।

## बिना टीपी के नीलगिरी लकड़ी परिवहन करते वन विभाग ने वाहन किया जप्त

**कोतमा।** अवैध उत्खनन परिवहन एव अवैध वन अपराधो पर लगाम लगाने हेतु मुख्य वनसंरक्षक वनवृत शहडोल एलएल उइके एवं वनमंडलाधिकारी अनूपपुर सुश्री श्रद्धा पन्द्रे के मार्गदर्शन तथा उप वनमंडलाधिकारी अनूपपुर पीके खत्री के निदेर्शानुसार वनपरिक्षेत्र कोतमा टीम द्वारा 06 अप्रैल को गस्ती के दौरान एक ट्रक वाहन क्रमांक सीजी 6555 को नीलगिरी लकडी बिना टी पी के परिवहन करने के दौरान ग्राम आमाडांड में पकडा गया। जप्त वाहन मालिक का नाम नारायण दास चांडा निवासी जगदलपुर जिला बस्तर (छग) वाहन चालक राजिम पिता सुन्दर बत्रा निवासी बलगाव जिला कोरापुर (उडीसा) निवासी होना बताया गया है। जप्ती के समय वाहन चालक के पास नीलगिरी लकडी के परिवहन संबंधी कोई वैध दस्तावेज नहीं पाए गए हैं। बिना दस्तावेज के परिवहन करते पाए जाने पर वाहन फारेस्ट कैम्पस कोतमा में लाकर खडा कराया गया है। जप्त नीलगिरी लकडी लोड ट्रक वाहन का नियमानुसार कार्यवाही किया जा रहा है। कार्यवाही मे एके निगम उपवनक्षेत्रपाल, बीटगार्ड दादूराम कुशवाहा, तुलसीदास नापित प.स. राजनगर, बृजेश गुप्ता बीटगार्ड चुकान, राघवेन्द्र तिवारी बीटगार्ड पौराधार शामिल थे।



## होटल व दुकानों से लिखी जा रही सट्टा पट्टी

**कोतमा।** थाना अंतर्गत अंतर्गत कोतमा नगर सहित गांव में खुलेआम जगह जगह गांजा की पुड़िया शासन द्वारा प्रतिबंधत होने के बावजूद भी धडल्ले से विक्रय हो रहा है और बड़ी तेजी से गांजा के नशे में युवा गिरफ्त में आ रहे हैं। दिखावे के लिए स्थानीय पुलिस द्वारा कभी-कभार कार्यवाही तो की जाती है इसके बावजूद अनेक क्षेत्रो मे जैसे रहवासी इलाकों दफाई टोला यल आई सी के पीछे पुराना अस्पताल के पास गांजा की खुलेआम बिक्री से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। लोगों ने इस दिशा में पुलिस अधीक्षक से ध्यान देने की मांग की है फल फूल रहा सट्टा का कारोबार वही गोसलपुर नगर के भट्टी टोला स्टेशन चौक पुराना स्टेट बैंक के पीछे पुरानी बस्ती बस स्टैंड सहित निगवानी बुढानपुर सेमरिया चौराहा केवई बैरियल सहित कई गांव में खुलेआम सट्टा का व्यापार फल फूल रहा है और इस कार्य को अंजाम देने वाले लोगो से पुलिस की गहरी सांठ गांठ होने के कारण उन्हें नियम कायदे कानून व पुलिस का भय बिल्कुल नही सताता उनके मन से कार्यवाही का डर खत्म हो चुका है। कभी कभी छोटे छोटे पट्टी काटने वालो के खिलाफ दिखावे की खाना पूर्ति कर ली जाती है फिर खुला संरक्षण दे दिया जाता है लोगों ने इस दिशा में पुलिस अधीक्षक से ध्यान देने की मांग की है।

**गली -गली बिक रही गांजा की पुड़िया, पुलिस मौन, सडकों में छलक रहे जाम**

#### जमकर हो रही शराबखोरी

नगर मे संचालित होटल टपरो के किनारे बैठकर जमकर शराब खोरी हो रही है शाम ढलते ही यह टपरे मयखाने में तब्दील हो जाते हैं जहां शराबी छककर खुलेआम जाम से जाम टकराते हैं यही हाल नगर के बस स्टैंड के आगे अंग्रेजी शराब दुकान के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग 43 में अंग्रेजी शराब दुकान के पास शाम ढलते ही शराबियों के हुजूम लगते हैं और जमकर खुलेआम शराबखोरी होती है। इस पर पाबंदी लगाने हेतु अनेको बार पुलिस से गुहार लगाई जा चुकी है परंतु न जाने पुलिस शराबियों के ऊपर कार्यवाही करने से क्यों कतरा रही है। बस स्टैंड के आगे रिहायशी इलाके में शराब दुकान होने के कारण होटल एवं टैप्रो में बैठकर यहां तक की बीच सड़क पर खड़े होकर लोग जाम छलकते हैं और गाली गलौज भी करते हैं जिसके कारण आसपास के रहवासी परेशान है। स्थानीय रहवासियों के द्वारा पुलिस थाने एवं सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत कर चुके हैं उसके बावजूद भी पुलिस इन पर कार्यवाही नहीं कर रही है जिसके कारण स्थानीय रहवासियों में पुलिस के प्रति आक्रोश देखा जा रहा है। स्थानी निवासियों ने इस ओर पुलिसप्रशासन से ध्यान देने की मांग की है।

## लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान का लक्ष्य प्राप्त करें : कलेक्टर

**उमरिया ।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 12 अजजा शहडोल संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान 19 अप्रैल को प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक संपन्न होना है। जिले में मतदान का रिकार्ड स्थापित करने के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जाने चाहिए। इस कार्य में बीएलओं, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, पटवारी तथा आंगनबाडी कार्यकर्ता की विशेष भूमिका रहेगी। मानपुर जनपद पंचायत सभाकक्ष में चुनौती 40 के तहत चयनित मतदान केन्द्रो के बीएलओं, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, पटवारी तथा आंगनबाडी कार्यकर्ता की बैठक संबोधित करते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि विगत विधानसभा निर्वाचन में जिले का एक मतदान केन्द्र 100 प्रतिशत मतदान कर पूरे देश में ख्याति अर्जित की है। लोक सभा निर्वाचन में 40 मतदान केन्द्रों को शत प्रतिशत मतदान के लिए चयनित किया गया है। इन मतदान केन्द्रो को चुनौती 40 नाम दिया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि बीएलओं, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, पटवारी तथा आंगनबाडी कार्यकर्ता अपने मतदान केन्द्र के एक एक मतदाता का हिसाब रखें, उनसे नियमित संपर्क करें, जो मतदाता बाहर है उनसे दूरभाष या मोबाइल से संपर्क करके मतदान करने के लिए प्रेरित करें। कलेक्टर ने बैठक में भडारी, सेमरी, कुसमहा, धूपखडा, नव आदर्श ग्राम छाप, गजरहा, बगडो, हरधौरा, पिहरीटोला, बडवाही, गोरैया, मलियागुडा तथा कुनकुनी के मैदानी स्तर पर कार्य करने वाले शासकीय सेवकों से रूबरू चर्चा की तथा शत प्रतिशत मतदान कराने के लिए पूरे प्रयास करने के निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने कहा कि मतदान दिवस मे भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान हेतु मतदाता की पहचान हेतु जारी किए जाने वाले डाक्यूमेंट के अनुसार हर मतदाता के डाक्यूमेंट की प्रति बीएलओ के पास होनी चाहिए इस कार्य मे पंचायत सचिव तथा रोजगार सहायक बीएलओ की मदद करेंगे। जिससे मतदान केन्द्र में आने वाला कोई भी मतदाता मतदान से वंचित नहीं रहे।बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ओहरिया, एसडीएम कमलेश नीरज, सीईओ जनपद पंचायत राजेन्द्र त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर अंबिकेश प्रताप सिंह, हरनीत कौर, जिला समन्वयक जन अभियान परिषद रविन्द्र शुक्ला, आशीष श्रीवास्तव, संजय पाण्डेय, सुशील मिश्रा उपस्थित रहे।




**चुनौती 40 के तहत घर-घर संपर्क कर मतदान के लिए प्रेरित करने के दिए निर्देश**

## कलेक्टर ने मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर एक वोट के महत्व की दी जानकारी

**मतदान प्रक्रिया में शामिल होने लोगों को दिलाई गई शपथ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद ने बड़वारा विधानसभा क्षेत्र के ढीमरखेड़ा अंचल का भ्रमण कर मतदान केन्द्रों में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया और मतदाता जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीणों को मतदान हेतु प्रेरित किया। कलेक्टर ने इस दौरान लोगों को मतदान की शपथ दिलाई। उन्होने वरिष्ठ मतदाताओं को शाल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया।

कलेक्टर ने ग्राम सिमरिया मे लोगों को भयमुक्त वातावरण में मतदान करने के लिए प्रेरित किया और मतदान की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा हमारी यह जिम्मेदारी है कि जिले मे शत- प्रतिशत मतदान हो। कलेक्टर ने सिमरिया मे 88 वर्षीय वरिष्ठ मतदाता नर्मदा प्रसाद शुक्ला, 84 वर्षीय लालमन मिश्रा, 74 वर्षीय सीताराम तिवारी और 72 वर्षीय मुन्नी यादव सहित 73 वर्षीय रामभरोस जोशी को शाल- श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।

#### मतदान केन्द्र का निरीक्षण

कलेक्टर ने ग्राम बम्हनी और ढीमरखेड़ा में मतदान केन्द्र मे उपलब्ध शौचालय, पेयजल व्यवस्था और विद्युत आपूर्ति व्यवस्था का निरीक्षण किया और जरूरी निर्देश दिए। कलेक्टर श्री प्रसाद ने ढीमरखेड़ा के कृषक सुविधा केन्द्र की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया।

#### चुनाव तैयारियों की समीक्षा

कलेक्टर श्री प्रसाद ने एस.डी.एम कार्यालय पहुंचकर शहडोल लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बड़वारा विधानसभा क्षेत्र में 19 अप्रैल को होने वाले मतदान की तैयारियों और व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होने मतदान केन्द्रों मे उपलब्ध सुविधाओं और होम वोटिंग सुविधा प्राप्त वरिष्ठ मतदाताओं और दिव्यांग मतदाताओं की व्यवस्था की जानकारी ली । कलेक्टर ने मतदान केन्द्रों मे पेयजल और प्रसाधन एवं बिजली की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान एस.डी.एम ढीमरखेड़ा विंकी सिंह मारे उईके, डिप्टी कलेक्टर विवेक गुप्ता सी.ई.ओ ढीमरखेड़ा यजुवेन्द्र कोरी, जिला प्रबंधक ई गवेर्नेंस सौरभ नामदेव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### भाजपा नेताओं को चुनाव हारने का सता रहा है डरः ए.आई.एफ.बी.

**रीवा।** भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव में इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशियों को डरा धमका कर चुनाव से बाहर करना चाहती है जो लोकतंत्र के लिए खतरे की घन्टी है उक्त आशय के आरोप ऑल इण्डिया फारवर्ड ब्लाक मध्यप्रदेश के प्रदेश प्रवक्ता एवं रीवा संभाग अध्यक्ष नागेन्द्र सिंह कल्चुरी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में लगाये हैं। श्री कल्चुरी ने बताया कि ऑल इण्डिया फारवर्ड ब्लाक मध्यप्रदेश ने खजुराहो संसदीय सीट 8 से राजा भैया प्रजापति सेवा निवृत्त आई.ए.एस.को अपने दल का प्रत्याशी घोषित किया जिन्होने 3 अप्रेल को अपना नामांकन दाखिल किया जिसको लेकर भाजपा के स्थानीय नेताओं के साथ बड़े नेता बौखला गये और प्रजापति को उनके मोबाइल नम्बर पर पर्चा वापिस लेने की धमकियों के साथ ही प्रलोभन देने की बात की गई बावजूद जब प्रजापति नही माने तो देख लेने की धमकी दी गई जिससे प्रजापति डरे हुए हैं और निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर अपने जानमाल की गुहार लगाई है। कल्चुरी ने कहा कि जब भारतीय जनता पार्टी 400 पार की बात करती है राम के सहारे चुनाव जीतने की तैयारी कर रही है तो भाजपा के नेताओं को डर क्यों? कल्चुरी ने आरोप लगाया कि इण्डिया गठबन्धन के खजुराहो सपा प्रत्याशी मीरा यादव का पर्चा केवल भाजपा के दवाव में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निरस्त किया गया। उन्होने कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी भाजपा नेताओं के दवाव में आकर भाजपा के पक्ष में कार्य कर रहे हैं ऐसे में निष्पक्ष चुनाव की उम्मीद नहीं की जा सकती। नागेन्द्र सिंह कल्चुरी ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश से राजा भैया प्रजापति को फोन पर डराने धमकाने, पर्चा वापिस लेने हेतु दबाव बनाने वाले भाजपा नेताओं के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की है।

### जिन्हें अदालत ने आरोपी माना उन्हीं कर्मचारियों से कलेक्टर रीवा करा रही हैं चुनावी कार्य

**रीवा।** रीवा लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष कराने के लिए कलेक्टर एवं एसपी चोर बदमाशों पर प्रतिबंधक कार्रवाई कर रहे हैं लेकिन जिसे आरोपी मान रीवा समान थाना प्रभारी कों कार्रवाई करने को आदेश दिया गया ऐसे आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करना तो दूर पूर्व समान थाना प्रभारी जे. पी. पटेल (वर्तमान सिटी कोतवाली थाना प्रभारी) ने फाइल ही गायब कर दिया या यह कहें की आरोपियों से सौदा कर फाइल बेंच दिया तो अतिशयोक्ति नहीं होगा अब ऐसे ही आरोपियों से जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिभा पाल चुनाव कराने में लगातार उपयोग कर रही है पुलिस अधीक्षक भी ऐसी प्रक्रिया से अनजान हैं जिन्हें पुलिस का संरक्षण प्राप्त है जब आरोपी गुंडे प्रवृत्ति के कर्मचारियों को चुनाव ड्यूटी में तैनात किया जाता है तो निष्पक्ष चुनाव कैसे होगा यह साफ जाहिर होता है आरोपी योगेश्वर प्रसाद अवस्थी, पटवारी हुजूर दुआरी हल्का रीवा,, अशोक अवस्थी पोलीटेक्निक कालेज रीवा आठ दस लोगों को लेकर जान से मारने की नियति से घर में घुस कर हमला करने गये थे जिस घटना की जांच कर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया था लेकिन आरोपी गण अपने धन बल राजनीतिक बल से मामले को खरीद लिया था परन्तु अदालत ने दोषी करार दिया तथा पुलिस थाना प्रभारी समान को आदेश दिया आरोपी गण के खिलाफ कार्रवाई का परन्तु पूर्व थाना प्रभारी समान जे पी पटेल ने फाइल ही गायब कर दिया है, अब जिला कलेक्टर ऐसे ही आरोपियों से चुनाव डियुटी रहा रहीं हैं।


### मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक


**बरही।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविप्रसाद के निर्देशन में जिला पंचायत शिशिर गेमावत के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड बड़वारा में जिला समन्वयक तेज सिंह केसवाल के नेतृत्व एवं विकासखंड समन्वयक श्रीमती नंदनी वाटिया के समन्वय से मतदाता जागरूकता अभियान सघन रूप से चलाया जा रहा है।

## सोहागपुर एरिया: टारगेट बढ़ा साथ ही चुनौतियां भी

# वार्षिक उत्पादन लक्ष्य में 6 लाख टन की बढ़ोत्तरी

सोहागपुर कोयलांचल प्रबंधन के लिए कोयला टारगेट पूरा करना किसी चुनौती से कम नहीं आंका जा सकता। प्रकृति के विपरीत धरती के सीने को चीर कर सैकड़ों फिट नीचे धरती में छुपे काला हीरा को निकालने के लिए एड़ी चोटी खून पसीना बहाकर जद्दोजहद करनी पड़ती है तब कहीं काले हीरे की चमक से बिजली की चकाचौंध से नगरों, महानगरों में रोशनी दिखती है।

**धनपुरी।**

एसईसीएल बिलासपुर सीएमडी के द्वारा सोहागपुर एरिया को 2024 -25 का नया कोयला टारगेट 64 लाख टन निर्धारित किया है। वहीं पूर्व वर्ष 2023 -24 मे कोयला टारगेट 58 लाख टन के एवज में 6 लाख टन बढ़ाकर कोयला निकालने का टारगेट एरिया को मिला है जिसे सोहागपुर एरिया प्रबंधन ने स्वीकार किया है।रामपुर का है मुख्य कामसोहागपुर एरिया सबसे अहम भूमिका मेगा प्रोजेक्ट रामपुर बटुरा खदान का माना जा रहा है जहां प्रथम वर्ष ही 10 लाख टन के एवज में 12 लाख टन कोयला निकाला गया। रामपुर बटुरा ओसीएम को वर्ष 2024- 25 मे 15 लाख टन टारगेट दिया गया है। यानि पिछले टारगेट से 5 लाख टन अधिक का मिला है।अमलाई ओसीएम को वर्ष 2024-25 में पूर्व व वर्तमान कोयला टारगेट 20 लाख टन ही मिला है जिसे नए उपक्षेत्रीय प्रबंधक पी रमन्ना के लिए कोयला टारगेट पूरा करने में किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए क्योंकि प्राइवेट कंपनी के द्वारा ओबी,कोयला निकलने का ठेका प्राइवेट कंपनी के द्वारा बड़े आसानी से हर माह टारगेट से अधिक ओबी और कोयला समय के पूर्व खदान से बाहर,निकाला जा रहा है जिससे टारगेट पूरा करना आसन होगा। उपक्षेत्रीय प्रबंधक पी रमन्ना अमलाई ओसीएम पदस्त होते ही खदान का मुआयना उत्पादन संबंधी जानकारी ले रहे हैं। दो और खदानों में सीएम मशीनें सोहागपुर एरिया के 4 भूमिगत माइंसों के एवज में दो माइंस बंगवार भूमिगत माइंस और खैरहा भूमिगत माइंस में सीएम मशीन लगा हुआ है और दो माइंस में राजेंद्रा भूमिगत माइंस व दामिनी भूमिगत माइंस में वर्ष 2025 तक सीएम मशीन लगने को है यानी आने वाले माहों में बचे दो माइंस में भी सीएम मशीन लग जाने पर चारों माइंस से खैरहा माइंस,बंगवार माइंस, राजेंद्रा मांइस,और दामिनी मानिस से यानि चारों माइंसो से कोयला टारगेट पूरा करने में कोई मुश्किल नहीं होगी।लाखों की लग रही चपतएसईसीएल के सोहागपुर कोयलांचल प्रबंधन के समक्ष महज कम उत्पादन या टारगेट को पूरा न कर पाना ही एक मात्र चुनौती नहीं है जिसके कारण एरिया प्रबंधन को वर्षों से करोड़ों रुपये का घाटा उठाना पड़ रहा है। एरिया में ऐसी कई समस्याएं हैं जिसपर रोक नहीं लग पा रही है।कोयला चोरी, खदानों से कबाड़ के रूप में बेशकीमती लौह उपकरणों एवं अन्य समानों की चोरी, कॉलरी कर्मचारी आवासों में बेजा कब्जा कर बिजली, की चोरी, डीजल चोरी रोकने में सोहागपुर एरिया का सिक्योरिटी गार्ड तैनाती के बाद भी आए दिन खदानों से चोरी पर अंकुश नहीं लगने से कंपनी को दोहरा नुकसान उठाना पर रहा है एक ओर खदानों की सुरक्षा के नाम पर लाखों रुपए खर्च हो रहे हैं वही कंपनी का चोरी से आए दिन लाखों का नुकसान हो रहा है। जीएम का प्रयास जारीएरिया महाप्रबंधक वी श्रीकृष्णा अपनी पदस्थापना के समय से ही अधिकाधिक खदानों से कोयला उत्पादन पर जोर देते रहे हैं और उनके लगातार इस प्रयासों से ही सोहागपुर एरिया वर्ष 2023- 24 कोयला टारगेट 56 लाख टन की आवाज में 60 लाख टन कोयला उत्पादन करने में सफलता हासिल की है जिसमें सोहागपुर एरिया के महाप्रबंधक वी श्री कृष्णा सहित एरिया सातो खदानों में यानी रामपुर बटुरा ओसीएम, अमलाई ओसीएम,शारदा ओसीएम, बंगवार, दामिनी, खैरहा,एवं राजेंद्रा माइंस, के उपक्षेत्रीय प्रबंधक,खान प्रबंधक का पूरा सहयोग कोयला उत्पादन में मिला जिससे महाप्रबंधक वी श्री कृष्णा सोहागपुर एरिया का टारगेट पूरा करने में महाप्रबंधक सफल हुए हैं। उससे भी बड़ा सहयोग सोहागपुर एरिया का सेल्स मैनेजर का होगा जो खदानों से लगातार सफलता पूर्वक कोयला डिस्पैच करने के साथ साथ अच्छा कोयल देने में सफल रहे जिससे कंपनी को लाभ की ओर ले जाने में अहम भूमिका रही। खुश हुए सीएमडीएसईसीएल के अध्यक्ष प्रबंध निदेशक डॉ पी एस मिश्रा ने सोहागपुर एरिया के महा प्रबंधक, उपक्षेत्रीय प्रबंधक खान प्रबंधक को टारगेट पूरा होने पर बधाई दी। सोहागपुर एरिया का वर्ष 2023 -24 में सबसे अहम भूमिका मेगा प्रोजेक्ट रामपुर बटुरा खदान, अमलाई ओसीएम का रहा जो आधा से अधिक कोयला टारगेट पूरा करने में सफल रहे। बाकी का टारगेट शारदा ओसीएम सहित सभी भूमिगत खदानें ने अपना अपना टारगेट करने में सफल रहे जिससे टारगेट पूरा होने पर इस बार सोहागपुर एरिया के द्वारा अपने श्रमवीरों को हल्दीराम का मीठे का पैकेट, इंसेंटिव देकर खुशी का इजहार किया।



### दिनदहाड़े खुले में शराब पीना शराबियों को पड़ा महंगा, पुलिस ने पकड़ा

**रीवा।** जिले के समान थाना अंतर्गत दिन दहाड़े शराब पीना आज कुछ लोगो को उस वक्त महंगा पड़ गया जब वो पुलिस की नजरो में आ गए सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करते देख पुलिस ने युवकों को पकड़ थाने ले आई जहा उनपर वैधानिक कार्यवाही किया थाना अंतर्गत फ्लाई ओवर नीचे सुरा प्रेमी ठेले गुमटियों कि आड़ में सुबह से देर रात तक शराब का नशा करते देखे जाते है रीवा से इलाहाबाद जोड़ने वाले इस मार्ग में दिन भर भीड़ भाड़ रहती है उसके बावजूद सुरा प्रेमी बिना किसी डर के शराब का आनंद लेते मिल जाते है जिन पर पुलिस द्वारा शनिवार को कार्यवाही की गई ।

**इनका कहना है**

सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने की शिकायत मिलने पर पुलिस द्वारा दाविस दी गई थी जहा मौके पर कुछ युवकों को शराब कोरी करते पकड़ा गया जिनके ऊपर 36 सी के तहत कार्रवाई की गई है

**हितेंद्र नाथ शर्मा थाना प्रभारी सामान**

# स्वीप गतिविधियों का आयोजन जारी






**रीवा**

लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में पेंटियम प्वाइंट कालेज रीवा में प्रश्नमंच, रंगोली, पेंटिंग स्पीच तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इसी प्रकार शासकीय महाविद्यालय गोविंदगढ़ में लघु नाटिका के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। शासकीय महाविद्यालय रायपुर कर्चुलियान एवं लालगांव में स्वीप गतिविधि के तहत रंगोली एवं पोस्टर बनाने के कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं की सहभागिता रही। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम सेक्टर डेल्ही में आयोजित किया गया। जिसके तहत रंगोली, हाथों में मेंहदी, दीवार लेखन, जागरूकता शपथ के साथ-साथ मतदाता जागरूकता गीत एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए और लोगों को लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता निभाने के लिए प्रेरित किया गया।

## माइक्रो आब्जर्वर पूरी जिम्मेदारी से करें कार्य - जिला निर्वाचन अधिकारी

# माइक्रो आब्जर्वर को दिया गया प्रशिक्षण



**रीवा**

लोकसभा निर्वाचन 2024 के शांतिपूर्ण व निष्पक्ष निर्वाचन के उद्देश्य से जिले के विभिन्न मतदान केन्द्रों में माइक्रो आब्जर्वर तैनात किए गए हैं। इन्हें चुनाव की निगरानी का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट मशीनों की प्रक्रिया का प्रशिक्षण कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में दिया गया।

इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि माइक्रो आब्जर्वर पूरी जिम्मेदारी से अपना कार्य करें। उन्हें निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान प्रक्रिया में निगरानी के लिए तैनात किया गया है। मतदान दल के सदस्य आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार मतदान सम्पन्न करा रहे हैं अथवा नही इसकी रिपोर्ट उन्हे आब्जर्वर को करनी है। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित बिन्दुओं पर निगरानी करके रिपोर्ट केवल चुनाव प्रेक्षक को ही सौंपे। आपको मतदान प्रक्रिया में किसी तरह का हस्तक्षेप नहीं करना है। पूरी गंभीरता के साथ संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया पर निगरानी रखें तथा यह देखें कि निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के अनुसार निर्वाचन कार्य संपन्न हो। उन्होंने कहा कि माइक्रो आब्जर्वर मतदान दल के लीडर की तरह कार्य करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया को संपादित कराएं तथा दल के साथ समन्वय बनाकर निष्पक्ष व शांतिपूर्ण निर्वाचन में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि जिस मतदान केन्द्र में माइक्रो आब्जर्वर की डूटी लगी है वह उसी मतदान केन्द्र में निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए मतदान भी कर सकते हैं। माइक्रो आब्जर्वर को ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट मशीनों की प्रक्रिया सहित उनके कत्र्तव्यों व प्रस्तुत किए जाने वाली रिपोर्ट का प्रशिक्षण डॉ अमरजीत सिंह द्वारा दिया गया। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे, एलडीएम संजय निगम, गोपाल श्रीवास्तव सहित माइक्रो आब्जर्वर उपस्थित रहे।

# पुलिस ने रस्सा कटिंग कर लूट की घटना की अंजाम देने वाले गिरोह का किया पर्दाफाश

**मऊगंज।**

पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन मऊगंज के निर्देशन अतरिक्त पुलिस अधीक्षक अनुराग पांडे व एसडीओपी मऊगंज अंकिता सुल्या के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मऊगंज द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया की दिनांक 03/04/024 को अयोध्या प्रसाद विश्वकर्मा उम्र 50 साल निवासी कैछुआ थाना नईगढ़ी थाना में उपस्थित आकार रिपोर्ट दर्ज कराया की दिनांक 02/04/024 की दरमियानी रात ट्रक में भारत यूरिया खाद रीवा से लोडकर हनुमाना जा रहा था तभी रात 3 बजे बहुती ओवर ब्रिज के पास बिना नंबर की पल्सर सवार 3 युवक तेजी से सामने आए ट्रक लोड और चढ़ाई होने के कारण धीमा होने का फायदा उठाते हुए बाइक सवार डंडे से हमला कर दिया जिसे डर कर ट्रक रोक दिया तभी आरोपी ने चालक को उतार कर मारपीट किए और जेब में रखे पैसा छीन लिए !

**जप्त मशरूका**

नगदी 500 रूपये बिना नंबर की पल्सर बाइक 6 बोरी खाद कुल कीमत 1लाख 20 हजार रुपए *गिरफ्तार आरोपी* 1. जीतू कोल पिता मोतीलाल कोल उम्र 27 वर्ष निवासी घुरेहटा थाना मऊगंज 2. गोरेलाल कोल पिता लालता कोल उम्र 28 वर्ष निवासी घुरेहटा थाना मऊगंज जिला मऊगंज

**महत्वपूर्ण भूमिका**

निरी. अनिल काकडे, सउनि सतेंद्र सिंह, प्रधान आर रामकुमार भास्कर, आर अवनीश पांडेय, आर विवेक यादव, आर जयप्रकाश तिवारी, महिला आर. सत्यम बागरी।




# कलेक्टर ने उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया

**मऊगंज।** कलेक्टर अजय श्रीवास्तव द्वारा शुक्रवार को मऊगंज जिले के उपार्जन केंद्र सेवा सहकारी समिति मर्यादित हनुमना एवं सेवा सहकारी समिति पांती का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान खरीदी केंद्र पर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए बेहतर छाया पानी की व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए। सेवा सहकारी समिति हनुमना जिसमें गेहूं का खरीदी होना है। वही निरीक्षण दौरान कलेक्टर श्री श्रीवास्तव द्वारा मौके पर उपस्थित कर्मचारियों से गत वर्ष खरीदी का आंकड़ा लेते हुए वर्तमान सत्र में अनुमानित आवक की जानकारी ली गई। इस दौरान कलेक्टर श्री श्रीवास्तव द्वारा नाप-तोल मशीनों सहित उपार्जन केंद्र में प्रयोग की जाने वाली मशीनों का जायजा लेकर संबंधित कर्मचारियों को बेहतर व्यवस्था बनाने हेतु निर्देश दिए गए। साथ ही यह भी निर्देश दिए गए की धूप से बचाव हेतु किसानो के लिए बेहतर छाया की व्यवस्था की जाए। वही खरीदी केंद्र पर पेयजल की सुचारू रूप से व्यवस्था बनाई जाए।उपरांत कलेक्टर श्री श्रीवास्तव द्वारा चना मसूर सरसों के लिए निर्धारित उपार्जन केंद्र सेवा सहकारी समिति पांती का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान कलेक्टर श्री श्रीवास्तव द्वारा संबंधित अधिकारियों को खरीदी केंद्र स्तर पर उपयोगी हर व्यवस्था को बेहतर बनाए जाने के निर्देश दिए गए। इस दौरान वेयरहाउस की खिड़कियों में जाली न लगाए जाने से चिड़िया आदि वेयरहाउस के अंदर नुकसान पहुंचाते हैं। अतिशीघ्र खिड़कियों में जाली लगाए जाने के निर्देश दिए। साथ ही वेयर हाउस के छत में लगी चादर में जगह-जगह होल हो जाने से बारिश के दौरान वेयरहाउस के अंदर पानी जाने की संभावना को लेकर कलेक्टर श्री श्रीवास्तव द्वारा वेयरहाउस के छतो में हुए होल को बंद कराए जाने के निर्देश दिए गए। इस दौरान खरीदी केंद्र पर बारदाने की स्थिति का जायजा लेते हुए सरसों एवं चना हेतु खरीदी का जायजा लिया गया। साथ ही उपार्जन केंद्र में प्रयोग होने वाली मशीनों का जायजा लेते हुए बेहतर व्यवस्था बनाए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री श्रीवास्तव द्वारा खरीदी केंद्र सेवा सहकारी समिति पांती वेयरहाउस एवं परिसर में साफ सफाई बेहतर न होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए बेहतर साफ स्वच्छ परिसर एवं वेयरहाउस साफ सुथरा रखे जाने की निर्देश दिए गए। साथ ही अपनी फसल को बिक्री करने वाले किसानों के लिए वेयरहाउस के सामने छाया की व्यवस्था बनाए जाने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर एसडीएम हनुमना राजेश मेहता तहसीलदार एवं सहकारिता विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप

### 48 घंटे पहले प्रकाशित होने वाले विज्ञापनों को कराना होगा पूर्व प्रमाणित

**अनूपपुर।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत मध्यप्रदेश में होने वाले चार चरणों में मतदान के 48 घंटे पहले प्रकाशित होने वाले विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणित कराना होगा। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देश भी जारी किए गए हैं। मध्यप्रदेश में लोकसभा निर्वाचन के लिए पहले चरण में शहडोल संसदीय क्षेत्र के लिए 19 अप्रैल को मतदान प्रक्रिया संपन्न होगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रिन्ट मीडिया में मतदान की तिथि व मतदान से पूर्व दिवस पर (अर्थात 18 एवं 19 अप्रैल को) प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों के पूर्व प्रमाणन के लिए समय सीमा तय कर दी गई है। प्रिन्ट मीडिया में प्रकाशन के लिए विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणन के लिए आवेदकों को मतदान के दिन और मतदान से पूर्व दिवस पर विज्ञापन के प्रकाशित होने की प्रस्तावित तिथि से दो दिन पहले मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) को आवेदन देकर पूर्व प्रमाणन कराना होगा।

**घोषणा पत्र में उल्लेख आवश्यक** - आम चुनाव के दौरान राजनैतिक दलो तथा उम्मीदवारो द्वारा चुनाव प्रचार सामग्री मुद्रित कराई जाती है। इस संबंध में निर्वाचन आयोग ने निर्देश जारी करते हुये कहा है कि चुनाव प्रचार सामग्री मुद्रित कराते समय लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के प्रावधानों का पालन करें। इसकी धारा 127-क के अंतर्गत निजी मुद्रणालय (प्रिंटिंग प्रेस) के स्वामियों को चुनाव प्रचार सामग्री के संबंध में उद्घोषणा पत्र देना आवश्यक है। उदघोषणा पत्र तथा प्रिंट लाइन में मुद्रक तथा प्रकाशक का नाम, पता एवं दूरभाष नम्बर स्पष्ट रूप से दशार्या जाना आवश्यक है। इस अधिनियम के अंतर्गत मुद्रित की जाने वाली सामग्री की चार प्रतियां, प्रकाशक, मुद्रक का घोषणा पत्र, मुद्रण दिनांक के तीन दिन के भीतर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन कार्यालय (एमसीएमसी प्रकोष्ठ) को भेजा जाना आवश्यक है।

### 25 लाख रुपए नहीं लाने पर महिला को ससुराल से भगाया

**कोतमा।** थाना अंतर्गत लोढी गांव मायके में रहने वाली महिला को उसके ससुराल में पति एवं सास द्वारा 25 लख रुपए मांगे जाने को लेकर आए दिन मानसिक एवं शारीरिक प्रताड़ति करते हुए मारपीट किए जाने की शिकायत सामने आई है शुक्रवार को पीड़ति महिला द्वारा अपने परिजनों के साथ थाना कोतमा में लिखित शिकायत करने पर पुलिस ने आरोपी पति धीरज शर्मा एवं सांस मंजू शर्मा निवासी महमूरगंज जिला वाराणसी के खिलाफ धारा 498ए, 294, 506, 34 आईपीसी में केस दर्ज करते हुए मामले की जांच की जा रही है। बताया जाता है कि महिला का विवाह वर्ष 2011 में हुआ था 5 वर्ष का एक बालक भी है। वर्ष 2019 में एम डी की पढ़ाई के दौरान पति द्वारा लगभग 25 लाख रुपए खर्च किए जाने की बात कहते हुए तब से लगातार प्रताड़ति किया जाने लगा। आए दिन प्रताड़ना एवं मानसिक तनाव को झेलते हुए घटना की जानकारी मायके में दी गई। जिसके बाद मांयके पक्ष से भाई वह मां द्वारा समझाइश देकर शांत करवा दिया। उसके बाद भी लगातार प्रताड़ना का सिलसिला जारी रहा हाल में ही रुपए की मांग को लेकर मारपीट कर 25 लाख रुपए लेकर आने पर ही ससुराल में रहने को मिलेगा कहकर सुसराल से भगा दिया गया। पीड़ति द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई पुलिस के द्वारा आरोपी पति एवं सास के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

### कमिश्नर, एडीजीपी ने किया निरीक्षण

**अनूपपुर।** शहडोल संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद एवं शहडोल जोन के एडीजीपी डीसी सागर ने कोतमा अनुभाग अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा से लगे अंतर्राज्यीय संयुक्त चेकपोस्ट डोला-घुटरीटोला तथा बरतराई-बरौर का आकस्मिक निरीक्षण किया। कमिश्नर बीएस जामोद एवं शहडोल जोन के एडीजीपी डीसी सागर ने मतदाता जागरूकता रैली में सहभागिता की तथा मतदाताओं से लोकसभा निर्वाचन के तहत 19 अप्रैल को शहडोल संसदीय क्षेत्र में होने वाले मतदान में 100 प्रतिशत भागीदारी निभाने की अपील करते हुए मतदाता शपथ दिलाई।

# सेहत के लिये हानिकारक हो सकता है बोतल बंद पानी

## अमानक स्तर का बिक रहा बोतल व पाउच का पानी, संबंधित विभाग सोया नींद में

गर्मी की शुरूआत के साथ ही निरंतर बढ़ रहे जल संकट की समस्या को देखकर हर दिन पानी पाउच व बॉटल की नई-नई कंपनियां मार्केट में उतर रही है वहीं पीने की पानी का मांग भी तेजी से बढ़ रहा है, जिनसे कंपनी को मुनाफा होता है वहीं उपभोक्ता बिना कोई जांच पड़ताल किये इस पानी को खुले पानी से बेहतर समझ कर महंगी कीमतों मे पी रहे है जबकि हकीकत तो यह है कि खुले पानी से यह पानी भी कम खतरनाक नहीं है।





**अनूपपुर।**

लगातार बढ़ रहे जल संकट की समस्या को देखते हुये जहां सामाजिक संस्थाये व प्रशासन द्वारा इन दिनों पानी बचाने की हेतु ग्राम पंचायतों की जनप्रतिनिधियों द्वारा कार्यशाला की माध्यम से जागरूकता पैदा करने एवं संगठनों का अथक प्रयास की बाते सिर्फ कागजों में ही दिखाई जाती है वहीं शासन द्वारा आई हुई राशि को विभागीय कर्मचारी खानापूर्ति कर डकार रहे हैं। पानी बचाने का अभियान इतना कारगार साबित हो रहा है यह तो समुचित जिले में हो रहे पानी की दुरूपयोग देखकर ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

### नहीं होता निर्धारित मापदंडो का पालन

जानकारी के मुताबिक बोतल बंद पानी विक्रय की कंपनी स्थापित करने शासन द्वारा निश्चित मापदंडों को निर्धारित किया गया है। इसका पालन कराने के लिए प्रशासन द्वारा बाकायदा अधिकारी कर्मचारी तैनात किये गये हैं ताकि गुणवत्ता के साथ खिलवाड़ न हो और बोतलबंद व पानी पाउच खरीदकर पीने वालों के स्वास्थ्य पर इसका वितरीत असर न पड़ सकें।

### फैशन का चढ़ा खुमार

आधुनिक व फैशन की बढ़ते इस युग में जहां पानी पाउच का बोतल बंद हर जगह सुलभ होने की वजह से इसका इस्तेमाल लगातार बढ़ रहा है, वहीं फैशन की नजरियें में भी इसका प्रचलन आजकल शादी के मंडप, घरों में पार्टियां व छोटे-मोटे फंकशन में अब लोग गिलासों में पानी पिलाना अपनी तौहीनी समझते है। बोतल बंद पानी व पाउच अब फैशन के रूप में लोगों को भाने लगा है। इसी कारण जरूरत व आवश्यकता अनुसार लोग इसका धड़ल्ले से इस्तेमाल कर रहे है तो वहीं अपना रूतवा दिखाने का माध्यम बन कर रह गया है।

### निर्धारित मूल्यों से अधिक में बिक रहे है शीतल पेय

क्षेत्र में नकली अमानक खाद्य पदार्थो की बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है जगह-जगह पानी पाउच व बोतल बंद शीतल पेय बेचे जा रहे है इन पानी पाउचों पर निर्माण तिथि कहीं भी नही लिखी जाती है जिसके चलते उपभोक्ता यह जान ही नही पाता है कि पानी पाउच में किसी तिथि को पैक किया और वह इसका उपयोग कर संक्रमण का शिकार होकर तमाम बीमारी को न्यौता देकर अपने परिवार के साथ खिलवाड़ कर रहा है। अनूपपुर जिले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन एवं नियंत्रण विभाग के कर्मचारी अधिकारी भी पदस्थ है, परंतु वे सेम्पल जांच के लिये नमूना कहां लेते है और कब क्षेत्र मे आते है यह सिर्फ वही लोग जानते है, जिसका परिणाम क्षेत्र भुगत रहा है।

### पर्यावरण के लिये भी बना खतरा

लोगों को सुलभता से पेयजल उपलब्ध कराने के लिये प्लास्टिक कंटेनर, बोतल एवं प्लास्टिक के पाउच भले ही लोगों के पास सुलभता से उपलब्ध हो जाते है लेकिन यही प्लास्टिक के कंटेनर हो या बोतल या फिर प्लास्टिक के पाउच जिसे पानी पीने के बाद उपभोक्ता सड़कों पर फेंक देते है जो पर्यावरण के लिये खतरा पैदा कर रहे है वहीं मूक बधिर जानवर खाकर काल के गाल में समा रहे है। इसके बावजूद भी विभाग द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।

# 850 से अधिक वाहन चालकों पर कार्रवाई कर लगाया 339200 रूपये का जुर्माना

## 260 से अधिक वाहनों से निकाली गई पदनाम लिखी नंबर नेम एवं झंडे



**अनूपपुर।**

भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है, जिसमें निहित निदेर्शों का अनुपालन सुनिश्चित करवाने के उद्देश्य पुलिस अधीक्षक, अनूपपुर जितेंद्र सिंह पवार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार सिंह के आदेश अनुसार यातायात थाने सहित जिले के समस्त थानो में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें चेकिंग के दौरान उक्त अवधि में 260 से अधिक दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों से राजनीतिक पदनाम लिखी नंबर प्लेट एवं झंडा हटाए गए। चेकिंग के दौरान एक वाहन, अनाधिकृत रूप से हूटर लगाए पाया गया। उक्त वाहन मालिक के विरुद्ध 3000 का जुर्माना लगाया गया। चेकिंग के दौरान 11 से अधिक वाहनों से काली फिल्म हटवाई गई, साथ ही चालानी कार्रवाई की गई। चेकिंग के दौरान 36 वाहन ऐसे पाए गए जिनमें विधिवत नंबर प्लेट या नंबर प्लेट नहीं थी, जिन पर चालानी कार्रवाई की गई तीन वाहन निर्धारित गति से अधिक गति में चलते पाए जाने पर कार्रवाई की गई साइलेंसर मॉडिफाई करवाकर ध्वनि प्रदूषण पर फैलाने पर एक मोटरसाइकिल को जप्त कर साइलेंसर हटवाया जाकर चालानी कार्रवाई की गई। सड़क दुर्घटनाओं को काम करने एवं दुर्घटना में मृत्यु की संख्या को रोकने के उद्देश्य माननीय हाई कोर्ट के आदेश अनुसार दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग कर ही वाहन चलाएं जाने के उद्देश्य से निरंतर चेकिंग एवं जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसमें चेकिंग के दौरान 490 वाहन चालक बिना हेलमेट पाए जाने पर चालानी कार्रवाई की गई इसी प्रकार सीट बेल्ट, न लगाए जान पर 256 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। 16 मार्च से 5 अप्रैल तक कुल 850 वाहनों पर कार्रवाई की गई।

# एनएसएस के स्वयंसेवकों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली



### रंगोली बनाकर मतदान करने का दिया संदेश

**अनूपपुर।**

शासकीय महाविद्यालय जैतहरी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम लहरपुर में सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किया गया। शिविर के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने परियोजना कार्य के अंतर्गत लोकसभा आम निर्वाचन के तहत 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रंगोली बनाकर मतदान करने का संदेश दिया इसके साथ ही स्वयंसेवकों ने रैली निकालकर सभी मतदाताओं को 19 अप्रैल को शत प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया। बौद्धिक सत्र के दौरान इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब के नोडल अधिकारी प्रो.गजेंद्र सिंह ने स्वयंसेवको को मतदान के महत्व के बारे में समझाया उन्होंने हमें अपने विवेक, सजगता के साथ अपने मतदान का इस्तेमाल करना चाहिए क्योंकि देश के निर्माण में हमारा मत महत्वपूर्ण है जो हमारी सहभागिता को सुनिश्चित करता है। उन्होंने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सभी रासेयो स्वयंसेवक अपने घर के सदस्यों व अपने क्षेत्र में रहने वाले मतदाताओं को आगामी लोकसभा निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदान करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो.राजकुमार सिंह, प्रो.संगीता उइके एवं सभी राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



# शासकीय महाविद्यालय राजनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का समापन

**राजनगर।**

राजनगर क्षेत्र के अंतर्गत क्षेत्र का शासकीय महाविद्यालय राजनगर में मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत विशेष शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत बनगवां (शांतिनगर) में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में 30 मार्च से 5 अप्रैल 2024 तक किया जा रहा है। जिसमें सातवां दिवस शिविर शुक्रवार को समापन नागरिकों एवं कॉलेज स्टाफ के साथ किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर परिषद बनगवां (राजनगर) के मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा द्वारा तथा विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में मां सरस्वती की प्रतिमा का दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत में सांस्कृतिक कार्यक्रम महाविद्यालय के छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान छात्राओं के उत्साह वर्धन हेतु उन्हें अतिथियों द्वारा नगद राशि से पुरस्कृत भी किया गया। एक से बढ़कर एक कार्यक्रम की प्रस्तुति छात्राओं ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम अधिकारी हिमांशु मरावी द्वारा इस शिविर कार्यक्रम का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। मंच का संचालन कार्यक्रम अधिकारी हिमांशु मरावी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र मुख्य अतिथियों, विशिष्ट अतिथियो, द्वारा प्रदान किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में शासकीय महाविद्यालय कोतमा से राजेश बरकड़े (प्राध्यापक), थाना रामनगर प्रभारी अमर वर्मा, विशिष्ट अतिथि के रूप में मीडिया के तरफ से सुमिता शर्मा, अमित सेन गुप्ता, पंकज कुमार शर्मा, तथा शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय बनगवां के समस्त शिक्षक स्टाफ, शासकीय महाविद्यालय राजनगर के समस्त स्टाफ तथा नागरिकों की उपस्थिति इस कार्यक्रम को गति प्रदान करने में योगदान प्रदान की। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. माया पारस के संरक्षण व अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

# मतदान दलों के प्रशिक्षण कार्य का कमिश्नर, एडीजीपी ने लिया जायजा

## टीम भावना से निर्वाचन दायित्व को करने के कमिश्नर ने दिए निर्देश



**अनूपपुर।**

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 12 (अ.ज.जा.) शहडोल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 19 अप्रैल को मतदान होगा जिसके मद्देनजर मतदान दलों का प्रशिक्षण कार्य शासकीय एकलव्य आवासीय विद्यालय अनूपपुर में 13 कक्षों मे संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्य का एकलव्य विद्यालय अनूपपुर पहुंचकर शहडोल संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद एवं शहडोल जोन के एडीजीपी डीसी सागर ने जायजा लिया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष वशिष्ठ, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह पवार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, शहडोल संभाग के संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश, सहायक रिटर्निंग अधिकारी तथा एसडीएम अनूपपुर श्रीमती दीपशिखा भगत, सहायक रिटर्निंग अधिकारी तथा एसडीएम कोतमा अजीत तिर्की, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अनूपपुर सुमित केरकेट्टा सहित मास्टर ट्रेनर उपस्थित रहे। कमिश्नर बीएस जामोद ने प्रशिक्षण कार्य का अवलोकन करते हुए प्रशिक्षणार्थियों को निर्वाचन दायित्व के संबंध में दिए जा रहे प्रशिक्षण में बताई जा रही बातों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए उसे आत्मसात करने को कहा। उन्होंने कहा कि निर्वाचन में मतदान दलों की बड़ी जिम्मेदारी है। उन्हें अपने कर्तव्यों के बारे में विस्तृत जानकारी होना नितांत आवश्यक है। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी ली तथा ईव्हीएम, व्हीव्हीपैट को हैण्डऑन करने के संबंध में मौके पर अभ्यास की दक्षता का परीक्षण किया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षणार्थी ईव्हीएम/व्हीव्हीपैट की प्रक्रिया की प्रैक्टिस करें तथा किसी भी तरह की शंका होने पर डाउट को क्लीयर करें। उन्होंने कहा कि जिज्ञासा का समाधान होना आवश्यक है। मतदान दल टीम भावना के साथ अपने दायित्व का निर्वहन टीम के सदस्यों के समन्वय से पूर्ण करें। उन्होंने ईव्हीएम, व्हीव्हीपैट के प्रक्रियाओं के संबंध में मतदान दल के प्रशिक्षणार्थियों से जानकारी ली। इस मौके पर शहडोल संभाग के एडीजीपी डी.सी. सागर ने मतदान दल के अधिकारियों को अपने उत्तरदायित्वों का दक्षतापूर्वक सफल निर्वहन सुनिश्चित करने की अपील की। मास्टर ट्रेनर ने प्रशिक्षणार्थियों को मतदान की प्रक्रिया, ईव्हीएम, व्हीव्हीपैट के कनेक्शन, मॉकपोल आदि के संबंध में बिन्दुवार विस्तृत जानकारी दी।

**In The Court of Civil Judge Class-1 and Chief Judicial District Court, Anuppur**

Presiding Officer: श्रीमती चैनवती ताराम

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000006/2023)

सुनीता प्रजापति ....................आवेदक Vs
भारतीय स्टेट बैंक......................अनावेदक
Process Id-/2024
प्रेषिती- पेशी दिनांक :- 25/04/2024
(1) अन्य पता- अन्य (2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुनीता प्रजापति पता ने मृतक गुलबसिया बाई कुम्हार पत्नी स्व. राम प्रसाद कुम्हार निवासी वा.नं. १६ चचाई वीरान थाना चचाई तह. व जिला अनूपपुर म.प्र. की राशि / संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 25 April 2024 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 25 April 2024 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 03 April 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है

मुद्रा
(न्यायाधीश) श्रीमती चैनवती ताराम
प्रथम व्यावहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड
अनूपपुर (म.प्र.)

कृपया ध्यान दें :-यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।